DCA का श्रम नीति और मानक कार्यालय (OLPS) कामगारों के लिए शहरी सरकार में समर्पित आवाज़ है। OLPS को कमज़ोर कामगारों की सहायता करने का काम सौंपा गया है और यह प्रवासियों, अलग चमड़ी के रंग वाले लोगों और कार्यस्थल में महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हमारे आदेश को अपनाता है।

OLPS:

- मुख्य नगरपालिका कार्यस्थल कानून **लागू करता है**।
- मौलिक अनुसंधान, पहुँच और शिक्षा **संचालित करता है**।
- ऐसी नीतियाँ **विकसित करता है** जो न्यूयॉर्क नगर की विकसित हो रही अर्थव्यवस्था और कार्यबल के प्रति उन्मुख हों।

NYC Consumer Affairs

*NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग (DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोजमर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता और उसे बेहतर बनाता है। श्रम नीति एवं मानक के हमारे कार्यालय के काम के माध्यम से, DCA कामगार परिवारों को वित्तीय स्वास्थ्य और काम और जीवन में संतुलन प्राप्त करने के लिए उनकी जरूरत के उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाकर सशक्त बनाता है।*

Printed on 30% post consumer recycled paper 06/2017

# संसाधन

## नमूना अनुबंध

DCA ने ऐसे आदर्श अनुबंध तैयार किए हैं जो कानून का अनुपालन करते हैं जिनकी नियुक्त करने वाली पार्टियाँ और फ्रीलांस कामगार समीक्षा कर सकते हैं। *कृपया nyc.gov/dca पर जाएं।*

## कम लागत वाला स्वास्थ्य बीमा

NYC मानव संसाधन प्रशासन आपको आपकी जरूरतों और बजट के मुताबिक स्वास्थ्य बीमा और देखभाल तलाशने में मदद कर सकता है। *मुफ्त व्यक्तिगत सहायता पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाणित एप्लीकेशन सलाहकार तलाशने के लिए, 311 पर कॉल करें, nyc.gov/health पर जाएँ, या NY स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट nystateofhealth.ny.gov पर जाएँ।*

## सार्वजनिक लाभ

ACCESS NYC एक मुफ्त सेवा है जो आपको यह पता करने में सहायता करती है कि क्या आप 30 से अधिक शहरी, राज्य, और संघीय लाभ कार्यक्रमों के लिए पात्र हो सकते हैं। आप ACCESS NYC के माध्यम से कुछ कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। *ACCESS NYC के बारे में जानकारी के लिए nyc.gov/accessnyc पर जाएं या 311 पर सम्पर्क करें।*

## मुफ्त आर्थिक सलाह

NYC वित्तीय सशक्तीकरण केन्द्र मुफ्त आमने-सामने बैठकर दी जाने वाली पेशेवर वित्तीय सलाह की पेशकश करते हैं। यह सेवा गोपनीय है, और हमारे पेशेवर सलाहकार विविध भाषाएँ बोल सकते हैं। *एक अपाइंटमेंट निर्धारित करने के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/dca पर जाएँ।*

## टैक्स संबंधी मुफ्त तैयारी

आप NYC की टैक्स संबंधी मुफ्त तैयारी सेवाओं के लिए पात्र हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन फाइलिंग करना और किसी IRS सत्यापित VITA/TCE स्वयंसेवक तैयारकर्ता के साथ व्यक्तिगत रूप से फाइलिंग करना शामिल है। *अधिक जानकारी के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/taxprep पर जाएँ। शैक्षणिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम*

## शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिटी नौकरी की तलाश करने वाले व्यक्तियों को मुफ्त सहायता की पेशकश करती है। *Workforce1 Career Center तलाशने के लिए nyc.gov/workforce1 पर जाएँ या 311 पर कॉल करें।*

## अप्रवासन सहायता

ActionNYC आपके समुदाय में, आपकी भाषा में सुरक्षित, मुफ्त अप्रवासन कानूनी स्क्रीनिंग प्रदान करता है। *nyc.gov/actionnyc पर जाएं या 311 पर कॉल करें और "ActionNYC" कहें।*

## अंग्रेज़ी कक्षाएँ

NYC के युवा और सामुदायिक विकास विभाग का अंग्रेजी भाषा कार्यक्रम नवीनतम न्यूयॉर्क वासियों को अंग्रेज़ी सीखने में मदद करने के लिए बनाया गया है। *अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dycd पर जाएं।*



# NYC के फ्रीलांस कामगारों की रक्षा करना

## अधिकार और संसाधनों की एक समीक्षा

हिंदी | Hindi

NYC Office of the Mayor

Consumer Affairs

Lorelei Salas
Commissioner

# यदि आप NYC में फ्रीलांस कामगार हैं, तो आपके पास कार्य संबंधी प्रश्नों और शिकायतों के लिए कानूनी अधिकार और एक समर्पित शहरी संसाधन है: उपभोक्ता मामलों का विभाग (Department of Consumer Affairs - DCA) के भीतर श्रम नीति और मानक कार्यालय (Office of Labor Policy & Standards)।

DCA ने आपको महत्वपूर्ण अधिकारों और संसाधनों के बारे में सूचित करने के लिए इस संक्षिप्त विवरण को तैयार किया है।

अधिक जानकारी के लिए, **311 पर कॉल करें** और “Freelance Workers” (फ्रीलांस कामगार) के लिए पूछें या **nyc.gov/dca** पर जाएँ।

## कानून में कौन शामिल है?

“फ्रीलांस फ्री नहीं है अधिनियम” (Freelance Isn’t Free Act), जो 15 मई 2017 को लागू हुआ। इसके अंतर्गत, कोई **फ्रीलांस कामगार** किसी काम पर रखने वाली पार्टी द्वारा मुआवज़े के बदले सेवाएं प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया या रखा गया कोई व्यक्ति है।

फ्रीलांस कामगार बहुत से भिन्न उद्योगों में काम करते हैं। फ्रीलांस कामगारों के सबसे आम कुछ उद्योगों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- फिल्म और वीडियो
- ग्राफिक और वेब डिजाइन
- घर का ठेका लेना और मरम्मत
- मीडिया
- फोटोग्राफी
- अनुवाद

***अपवाद:***

निश्चित बिक्री प्रतिनिधि, वकील और लाइसेंसप्राप्त मेडिकल पेशेवर फ्रीलांस कामगार की परिभाषा से बाहर रखे गए हैं।

कानून किसी ऐसे सामूहिक सौदेबाज़ी करार के अंतर्गत किए गए कार्य पर सामान्यतया लागू नहीं होगा जो कामगारों को कर्मचारियों के रूप में परिभाषित करता है।

आप “स्वतंत्र ठेकेदार” हैं या नहीं, यह बहुत से कारकों और आपकी कार्य व्यवस्था की प्रकृति पर निर्भर करता है। यह समझने में सहायता के लिए **nyc.gov/dca** पर जाएं कि क्या आपके पास सही कार्य वर्गीकरण है। यदि फ्रीलांस कामगार, स्वतंत्र ठेकेदार या कर्मचारी के रूप में अपने वर्गीकरण के बारे में आपके प्रश्न हैं, तो आप **freelancer@dca.nyc.gov** पर DCA से भी संपर्क कर सकते हैं।

कोई **नियुक्त करने वाली पार्टी** किसी सरकारी संगठन के सिवाए ऐसी कोई भी पार्टी है जो किसी फ्रीलांस कामगार को नियुक्त करती है।

## आपके अधिकार

**आपको अधिकार प्राप्त हैं चाहे आपकी आव्रजन स्थिति कोई भी क्यों न हो।**

### लिखित अनुबंध



$800 या इससे अधिक के सभी अनुबंध अवश्य लिखित रूप में हों। इसमें आपके और नियुक्त की गई पार्टी के बीच ऐसे सभी करार सम्मिलित हैं जिनका योग 120 दिन की किसी अवधि में $800 हो। लिखित अनुबंध में आपके द्वारा किए जाने वाले काम; काम के लिए वेतन; और आपको भुगतान प्राप्त होने की तारीख का वर्णन अवश्य होना चाहिए। आपको और नियुक्त पार्टी को अपने पास लिखित अनुबंध की प्रति अवश्य रखनी चाहिए।

### समय पर भुगतान




नियुक्त करने वाली पार्टी को आपको पूरे किए गए सारे काम के लिए भुगतान अवश्य करना चाहिए। आपको अनुबंध में लिखी तारीख पर या उससे पहले भुगतान अवश्य प्राप्त होना चाहिए। यदि अनुबंध में भुगतान की तारीख सम्मिलित नहीं है, तो नियुक्त करने वाली पार्टी को आपको आपके द्वारा काम पूरा करने के 30 दिनों के भीतर भुगतान अवश्य करना चाहिए।

### बदले से आज़ादी



किसी नियुक्त करने वाली पार्टी द्वारा आपको इसलिए दंडित करना, धमकाना या प्रतिबंधित करना गैर-कानूनी है क्योंकि आपने अपने अधिकारों का प्रयोग किया था।

### भेदभाव से आज़ादी



NYC मानव अधिकार कानून बहुत से प्रकार के भेदभाव से न्यूयॉर्क वासियों की रक्षा करता है। *यदि आप भेदभाव का सामना करते हैं, तो NYC मानव अधिकार कमीशन इन्फोलाइन को 311 पर कॉल करें।*

### शिकायत दाखिल करने का अधिकार




आप DCA’ के श्रम नीति और मानक कार्यालय (Office of Labor Policy & Standards) के यहाँ शिकायत दाखिल कर सकते हैं। DCA उस नियुक्त करने वाली पार्टी को सूचित करेगा जिसे 20 दिनों के भीतर शिकायत का उत्तर देना होगा। DCA आपको कोई वकील खोजने, अदालत की प्रक्रिया समझने तथा बहुत-सी अन्य बातों के संबंध में सहायता करेगा। *nyc.gov/dca पर शिकायत फॉर्म डाउनलोड करें या 311 पर कॉल करें। यदि आपके प्रश्न हैं, तो इन्हें freelancer@dca.nyc.gov. पर ईमेल करें।*

### मुकदमा चलाने का अधिकार



आप हर्जाना प्राप्त करने के लिए अदालत में नियुक्त करने वाली पार्टी के विरुद्ध मुकदमा चला सकते हैं। यदि आपके काम के लिए आपको समय पर भुगतान नहीं किया जाता, तो आपके पास उस काम के लिए दोगुनी राशि प्राप्त करने जिसका आपको भुगतान नहीं किया गया था, बदले के लिए हर्जाना और वकील की फीस का भुगतान और मुकदमे की लागत प्राप्त करने का अधिकार है।